## स्पीड न्यूज

### पिकनिट स्पॉटों पर उमड़ी भीड़



**कुजू।** कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में बुधवार को नये वर्ष का स्वागत जोरदार तरीके से हुआ। इस दौरान लोगों ने मंगलवार की मध्य रात्रि से ही नये साल का स्वागत किया। लोगों ने पटाखे छोड़ते हुए नव वर्ष का स्वागत धूमधाम से तरीके से किया। इधर सुबह में क्षेत्र के पिकनिक स्पॉटों पर पर लोगों की भीड़ रही। वहीं चौक-चौराहों में मीठ-मुर्गे सहित सब्जी दुकानों में समान खरीदने के लिए लिए लोग नजर आये। साथ ही पिकनिक स्पॉटों पर लोगों ने जमकर डीजे पर थिरके।

### सौंदा डी पंचायत में कंबल वितरित



भुरकुंडा (रामगढ़)। बढ़ते ठंड को देखते हुए सौंदा डी पंचायत में बुधवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय और पंचायत सचिव खुशबू रानी द्वारा सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये 90 कंबल का वितरण किया गया। गरीब-जरूरतमंद गरीबों के बीच कंबल का वितरण करते हुए मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने कहा कि हर हाल में गरीबों को ठंड से राहत पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। कहा गया कि पंचायत में गरीबों की संख्या काफी अधिक है। जिन लोगों को कंबल नहीं मिल पाया है। उनके बीच भी जल्द से जल्द का कंबल का वितरण किया जायेगा। ताकि ठंड से राहत पहुंचाई जा सके। मौके पर वार्ड सदस्य सुबोध रजक, संजय कुमार, अरविन्द ओझा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### रिटायर्ड आरक्षी को दी गयी विदाई



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा ओपी में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त दो गृह रक्षावाहिनी के आरक्षी को समारोह पूर्वक सम्मान देकर विदाई दी गई। समारोह में ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता ने सेवानिवृत्त आरक्षी कमल प्रसाद मेहता और बंगाली प्रसाद मेहता को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही उपहार देकर सम्मनित करते मिठाई खिलाकर भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता ने कहा कि सेवानिवृति नौकरी का हिस्सा होता है। हर कर्मी को एक न एक दिन इस रास्ते से गुजरना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि कमल मेहता और बंगाली मेहता अपने कार्यकाल में पूरी ईमानदारी और लगन से कार्य किये हैं। हमसभी उनके उत्तम स्वास्थ्य और सुखद जीवन की कामना करते हैं। मौके पर एसआई अविनाश कुमार, कुणाल कुमार, डीपी मेहता, प्रेमचंद यादव सहित ओपी परिवार मौजूद थे।

### पशु तस्करी पर लगे अंकुश : अनामिका



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** दुर्गा वाहिनी की रामगढ़ जिला संयोजिका सह विश्व हिंदू परिषद् भुरकुंडा की पालक अनामिका श्रीवास्तव ने गुरूवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि पतरातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडा व भदानीनगर ओपी और थाना क्षेत्र मे पशु (गाय और भैस) की चोरी आम बात हो गई है। सभी ओपी और थाने में गाय चोरी से संबंधित आवेदन समय-समय पर दिए जाते रहे हैं। वहीं बहुत सी चोरी की आवेदन इस लिए भी नहीं दी जाती है कि उन्हें मालूम है कि कारवाई नहीं होगी। उन्होंने कहा कि एक दुधारू गाय 40 से 50 हजार की होती है। किसी व्यक्ति का एक साथ 3-3 गाय चोरी हो जाती है। इससे उस यक्ति की कमर टूट जाती है। कोयलांचल भुरकुंडा में हो, पतरातू में हो या फिर भदानीनगर में पशु चोरी की घटना बढ़ती ही जा रही है। कई पिकअप वैन है जो पशु को ढोने का काम करते हैं। उनमे से कई ऐसे हैं जिनका ना आगे नंबर प्लेट है और ना ही पीछे। फिर भी खुलेआम चलते रहता हैं। उन्होंने कहा कि पहले गौ तस्कर खुद गाय खरीदने आते थे, मगर जान का डर होने से अब यह काम कई पिकअप वैन वाले करते हैं। पिकअप वैन वाले दो बजे रात मे निकलते हैं और सुबह पांच बजे तक पशु पहुंचाकी आ जाते हैं। रातभर पुलिस पेट्रोलिंग करती है मगर अभी तक 2-4 साल के अंदर कोई भी गाड़ी नहीं पकड़ी गई। जबकि कोयलांचल में हर पंद्रह दिन पर पशु की चोरी हो रही है। गाय तस्करी से संबंधित घटना में लिप्त गाड़ी को पकड़ कर ओपी और थाने में दिया जाता है उसके बाद भी कोई प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज नहीं की जाती, जिससे पशुपालकों में पशु तस्करों के प्रति आक्रोश का माहौल है। उन्होंने पुलिस-प्रशासन इस दिशा में पहल करते हुए पशु तस्करों को गिरफ्तार कर चोरी पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसित योजनाओं पर काम हुआ शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद द्वारा अनुशंसित योजना अब धरातल पर उतरना शुरू हो गया है। करीब 20 करोड़ से अधिक राशि की योजनाओं की स्वीकृति जो पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा व लगातार किए गए मेहनत के बाद प्राप्त हुआ था। उसकी निविदा निकल चुकी है, जो कि आचार संहिता के कारण नहीं निकला था। मामले पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने गुरूवार को प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद द्वारा अनुसंसित एवं स्वीकृत योजनाओं का क्रेडिट लेने के लिए भाजपा एवं आजसू नेताओं में होड़ मची हुई है। इन योजनाओं के स्वीकृति अंबा प्रसाद द्वारा दिलवाई गई, लेकिन विपक्षी पार्टी द्वारा वर्तमान विधायक रोशन लाल चौधरी की मेहनत एवं पहल बताकर लोगों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। करोड़ों की योजनाएं जो आचार संहिता के कारण धरातल पर नहीं उतर सकी थी। लेकिन अब वह सभी योजनाएं धरातल पर दिखना शुरू हो गई है। कृष्णा सिंह ने भाजपा एवं आजसू के लोगों को हिदायत देते हुए कहा कि जमीन पर काम करें एवं जनता के द्वारा प्राप्त मत का सम्मान करते हुए लोगों को झूठी जानकारी देने से बचें। उक्त सभी योजनाएं अक्टूबर माह में ही स्वीकृत हो गई है।

# हजारीबाग में संजीवनी सेवा कुटीर का उद्घाटन कल

## हर मरीज को समय पर इलाज होगा : प्रदीप प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के प्रयास से संजीवनी सेवा कुटीर का उद्घाटन 4 जनवरी को हजारीबाग सदर अस्पताल में होगा। यह कुटीर चौबीसों घंटे संचालित होगा और ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को विशेष रूप से सहायता प्रदान करेगा जिसमें मरीजों और उनके परिजनों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान करना। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को सही मार्गदर्शन और इलाज तक पहुंचकर सुनिश्चित करना। स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान और प्रभावी पहुंच प्रदान करना।

**सेवा कुटीर की विशेषताएं :** 24गुणा 7 संचालन,यह कुटीर दिन-रात मरीजों और उनके परिजनों की मदद के लिए उपलब्ध रहेगा। विशेष हेल्प डेस्क के जरिए प्रशिक्षित कर्मचारी मरीजों को उनके उपचार के लिए सही विभाग तक पहुंचने में मदद करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। ग्रामीण मरीजों को लाभ देने हेतु ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को अस्पताल की प्रक्रियाओं को समझने में आसानी होगी। सादगी और सहानुभूति का दृष्टिकोण से मरीजों और उनके परिजनों को एक सहायक और सम्मानजनक वातावरण प्रदान किया जाएगा। 4 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे स्थान सदर अस्पताल प्रांगण, हजारीबाग में सुनिश्चित हुआ है कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, चतरा सांसद कालीचरण सिंह,विशिष्ट अतिथि जिला उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह मौजूद रहेंगे। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि संजीवनी सेवा कुटीर हमारे क्षेत्र के उन सभी लोगों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगा, जो स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करते हैं। मेरा उद्देश्य है कि हर मरीज को समय पर सही मार्गदर्शन और इलाज मिल सके। हमने देखा है कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीज अक्सर अस्पताल की प्रक्रियाओं और चिकित्सा सेवाओं को समझने में असमर्थ होते हैं। इसी समस्या को हल करने के लिए संजीवनी सेवा कुटीर की शुरूआत की गई है। यह सेवा कुटीर सिर्फ एक हेल्प डेस्क नहीं है, बल्कि यह एक मानवीय दृष्टिकोण पर आधारित पहल है, जहां मरीजों और उनके परिजनों को न केवल सहायता मिलेगी, बल्कि उन्हें सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार का अनुभव भी होगा। मेरा वादा है कि यह कुटीर चौबीसों घंटे मरीजों की सेवा में तत्पर रहेगा। मैं हर व्यक्ति से अनुरोध करता हूं कि इस पहल का लाभ उठाएं और हमें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सहयोग दें। यह सिर्फ एक शुरूआत है, हम इसे और भी बेहतर बनाएंगे। सेवा कुटीर का उद्देश्य सिर्फ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना नहीं है, बल्कि हर मरीज को सम्मान और सहानुभूति के साथ सेवा देना है। हमारा प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। यह कुटीर हर जरूरतमंद के लिए एक भरोसेमंद सहायता केंद्र होगा। साथ ही कहा की भव्य उद्घाटन समारोह में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। सभी प्रकार की चिकित्सा सहायता एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। अस्पताल की प्रक्रियाओं को समझने में होने वाली समस्याओं का समाधान। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मरीजों को समान रूप से लाभ।

## घाघरा में आदिवासियों ने की हड़गड़ी पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** घाघरा गांव में गुरूवार को आदिवासी समाज द्वारा पूर्वज (पुरखा) देवता का हड़गड़ी पूजा पूरा रीति-रिवाज से मनाई गई। इस अवसर पर पूरे धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ पाहन द्वारा पूजा-अर्चना करघर-परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की गई। मौके पर प्रदेश महासचिव सह कुरसे मुखिया संदीप उरांव ने बताया कि पौष माह में आदिवासी समाज द्वारा पुरखा पूजा किया जाता है। जब तक पुरखा देवता की पूजा नहीं होती तब तक आदिवासी समाज में शादी-विवाह, घर पूजा, छठिहारी या कोई भी नया कार्य-व्यवहार नहीं किया जाता हैं। उन्होंने के कहा कि इस पूजा से घर-परिवार सुख-समृद्धि का आगमन होता है। पूजा-अर्चना में प्रदेश महासचिव सह कुरसे मुखिया संदीप उरांव, सुनील उरांव, राजन उरांव, रघु उरांव, विकास उरांव, सिकेंद्र उरांव, सुबोध उरांव, प्रकाश उरांव, शंकर उरांव, सुबोध उरांव, रमेश मुंडा, चैता उरांव, जितेन्द्र उरांव, संजय उरांव, अनुज उरांव, बाबूलाल उरांव सहित आदिवासी समाज के दर्जनों लोग मौजूद थे।

### बड़कागांव और केरेडारी अस्पताल में एक्स-रे मशीन जल्द लगेगा : अंबा प्रसाद

बड़कागांव। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद की मेहनत का असर दिख रहा है। बड़कागांव एवं केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन का अधिष्ठापन होने का रास्ता साफ हो गया है। अंबा प्रसाद ने जिले में होने वाली बैठकों में इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया था कि खनन क्षेत्र होने के बावजूद बड़कागांव एवं केरेडारी में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक्स रे मशीन नहीं होने से लोगों को काफी दिक्कत होती है इसी को लेकर विगत दिनों जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक 9 अक्टूबरको हुई थी उसमें एक्स-रे मशीन की आपूर्ति हेतु स्वीकृति प्रदान है। अंबा प्रसाद ने बताया कि एक्स-रे मशीन लगने से गरीबों को मिलेगा लाभ।

### दुर्घटना में मृत की हुयी पहचान

**रामगढ़।** फोरलेन पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। उसकी पहचान नही होने के कारण उसके शव को सदर अस्पताल के पोस्टमॉर्टम हाउस में रखा गया था। काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान बद्दू उरांव ,उम्र करीब 62 वर्ष ,पिता स्व0 जीत उरांव ,ग्राम गडगांव, थाना इटकी जिला रांची के रूप में हुई। वह ज्योति ईट भट्ठा में मजदूर के रूप में कार्यरत था।

## बरका-सयाल के सुरक्षा प्रभारी एनके सिंह से मिला श्रमिक संघ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बरका-सयाल के सुरक्षा प्रभारी एनके सिंह के कार्यालय में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महासचिव सतीश सिन्हा के नेतृत्व में क्षेत्र के यूनियन के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान बरका-सयाल क्षेत्र में सुरक्षा से संबंधित गहनता पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। वार्ता में यूनियन की ओर से कहा गया कि क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जाए। साथ ही सुरक्षा गार्डों को आर्म्स उपलब्ध कराया जाए। ताकि चोरी की घटना को रोका जा सके। वार्ता में यूनिसन के महासचिव सतीश सिन्हा, एरिया सचिव संजय मिश्रा, एरिया अध्यक्ष इंद्रदेव राम, केंद्रीय सदस्य संतोष ठाकुर, लक्ष्मण गोस्वामी आदि मौजूद थे।

### फिटर को दी गयी विदाई

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मैकेनिकल फिटर महेश्वर मुंडा के सेवानिवृत्ति पर ओल्ड वर्कशॉप भुरकुंडा में गुरूवार को सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में ईएंडएम के प्रोजेक्ट इंजीनियर अंकुर विश्वनाथ, इंजीनियर रमेश कुमार, बलकुदरा मैनेजर कमर फहीम, मैनेजर बबलू कुमार, अभिषेक कुमार सहित भुरकुंडा के एफएम अधिकारियों ने सेवानिवृत कर्मी मैकेनिकल फिटर महेश्वर मुंडा को फुल माला और बुके देकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए बैग, छाता सहित अन्य उपहार देकर भावभानी विदाई दी। मौके पर प्रोजेक्ट इंजीनियर अंकुर विश्वनाथ ने कहा कि सेवानिवृति नौकरी का हिस्सा होता है। हर कर्मी को एक न एक दिन इस रास्ते से गुजरना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि महेश्वर मुंडा अपने कार्यकाल में पूरी ईमानदारी और लगन से कार्य किये हैं। इस अवसर पर सहकर्मियों ने महेश्वर मुंडा को उनके स्वस्थ्य शरीर और सुखद जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक फोरमैन अफजल हुसैन ने किया। मौके पर के निलेश, रामचंद्र, प्रेम महेश्वरी, जोगेंद्र ठाकुर, अजय पांडय, जफर आलम, श्याम सुंदर, शमशुल हक, हंसराज राम, भुवनेश्वर मुंडा, नंद देव, अमरदेव, रामेश्वर साहू, सफीक, गीता देवी, सलीमन खातून, राजेश्वरी व अन्य मौजूद थे।

## सोशल मीडिया से ग्रीटिंग कार्ड का कारोबार ठप

**कुजू।** न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए हर किसी का उत्साह जोरों पर है। नए साल पर लोग एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। कुछ साल पहले एक वक्त था जब ग्रीटिंग कार्ड के जरिए लोग एक दूसरे को शुभकामनाएं भेजा करते थे। अब लोग व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि जैसे सोशल मीडिया के माध्यम से मैसेज भेज कर नववर्ष की शुभकामनाएं देते हैं। इंटरनेट और सोशल मीडिया के जमाने में ग्रीटिंग कार्ड पीछे छूट गया है। पहले चौक-चौराहे की दुकानें एक महीना पहले से ही तरह-तरह के ग्रीटिंग कार्ड से सज जाया करती थीं। लोग अपनी पसंदीदा ग्रीटिंग कार्ड का चयन कर खरीदारी करते हैं। जिन लोगों से संपर्क हो पाना संभव हो पाता, उनसे मिलकर और जो दूर जा बसे हैं उन्हें डाक के जरिए ग्रीटिंग कार्ड भेजे जाते। दीपावली, शिक्षक दिवस ,क्रिसमस ,होली या जन्मदिन के मौके पर भी ग्रीटिंग कार्ड के जरिए शुभकामनाएं दी जाती थी। कई लोग इस शुभकामना संदेश को यादगार के तौर पर सहेज कर रखते है। पर धीरे-धीरे इन दिनों ग्रीटिंग कार्ड देने का प्रचलन पुरानी बात हो चली है। स्टेशनरी दुकान पर ग्रीटिंग कार्ड बेचने वाले बबलू कुमार ने बताया कि अब तो ग्रीटिंग कार्ड की डिमांड नहीं के बराबर है। इस वजह से ग्रीटिंग कार्ड नहीं मंगवाते हैं।

## सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी में नये साल पर बंटी मिठाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसबीआई बैंक के समीप थर्ड प्लोर पर अवस्थित सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी में बुधवार को नववर्ष 2025 का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक आशीष कुमार, राहुल वर्मा व सतीश वर्मा ने छात्र-छात्राओं के साथ केक काटकर नये वर्ष को यादगर बना दिया। मौके पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को केक और मिठाई खिलाकर जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करने की बात कही। नदेशक आशीष कुमार, राहुल वर्मा व सतीश वर्मा ने कहा कि संस्था को खोलने का उद्देश्य अब पूरा होता दिख रहा है। हमारे लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए मैग्जीन, न्यूज पेपर, विभिन्न प्रकार के किताब, इंटरनेट आदि की सुविधाओं के साथ-साथ बच्चों के पढ़ाई से संबंधित हर जरूरतों का संस्था पूरा ख्याल रख रही है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कोई दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। बताते चलें कि भुरकुंडा कोयलांचल में इस तरह की व्यवस्था पहले नहीं थीं, लेकिन अब यहां लाइब्रेरी खुलने से शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होता दिख रहा है। निदेशक आशीष कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की संतुष्टि ही हमारे संस्था की पहचान है। उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। इधर सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी के प्रति छात्र-छात्राओं के बढ़ते विश्वास से संस्था परिवार काफी खुशी का अनुभव कर रहा है। यहां पर अध्ययरत विद्यार्थी यह समझ रहें हैं कि जीवन में सफलता अर्जित करनी हो तो सेफ्ट स्टडी जरूरी है। मौके पर ओम कुमार, स्नेहा पटेल, पूजा यादव, नेहा कुमारी, निशा कुमारी, राहुल सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थें।

## एक नजर में

### प्रखंड मुख्यालय के शौचालयों मे लटका रहता है ताला, ग्रामीणों को होती है परेशानी

**दारु।** प्रखंड मुख्यालय भवन के अंदर और भवन के बाहर बड़े बड़े शौचालय लाखों रुपये की लागत से बनाये गये है। इन दोनों शौचालय मे पिछले कई महीनों से हमेशा ताला लटका हुआ रहता है। प्रखंड मुख्यालय के अंदर बने शौचालय का प्रयोग सिर्फ प्रखंड कर्मी ही कर सकते है, इसमे लगे ताले की चाभी किसी एक जगह टांगी हुई रहती है जिस कर्मी को शौच के लिए जाना रहता है वो चाभी लेकर जाता है और वापस फिर ताला लगा देता है। इस कारण दूर दराज से आये लोग महिला, पुरुष, बृद्ध व बच्चों को शौच जाने मे बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस बारे मे प्रशिक्षु आईएएस सह प्रखंड विकाश पदाधिकारी लोकेश बारंगे से दैनिक जागरण संवाददाता द्वारा पूछने पर उन्होंने ताला लटके रहने की सूचना से अनभिज्ञता जाहिर करते हुए काफी हैरानी जताई । प्रशिक्षु अधिकारी ने कहा कि शौचालय मे ताला लटकाया जाना बिल्कुल गलत है उन्होंने तत्काल ताला खोलने का निर्देश दिया। प्रखंड के कनीय अभियंता को बाहर बने शौचालय मे पानी की ब्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

### झरपो में ब्राह्मण समाज का पुनर्गठन

**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया प्रखंड के ब्राह्मण समाज की गठन विगत 5 वर्ष पूर्व बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर टाटीझरिया में किया गया था। ताकि क्षेत्र में प्रखंड के झरपों,भराजो,खैरा,डूमर, खरिका सभी गांवों के ब्राह्मणों में एकता कायम रह सके । लेकिन विडंबना है कि समाज गठन हुए विगत 5 वर्ष हो गए लेकिन आज तक एक भी प्रखंड स्तरीय बैठक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। वही इसी उद्देश्य से झरपो ब्राह्मण समाज का भी गठन किया गया । प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष का चयन किया लेकिन सिर्फ कुर्सी बचाव अभियान में सभी लगे रहे आज तक कोई बैठक समाज विकाश को लेकर नहीं किया गया। सिर्फ कही श्राद्ध कार्यक्रम की यजमान द्वारा निमंत्रण पत्र सप्ताह दिन पहले दिया जाता है तो उसी निमंत्रण बुलावा पर झरपो में ये लोग व्यक्तिगत गत जिनसे लगाव होता है उनको जानकारी देकर निमंत्रण में यजमान के यहां ले जाकर अपने बड़प्पन में लगे रहते हैं।

### राजसिंह चौहान ने किया अलाव का प्रबंध

**बरही।** बरहीडीह क्षेत्र में लगातार बढ़ती ठंड और कड़ाके की सर्दी को देखते हुए सद्भावना विकास मंच ने मानवीय पहल करते हुए स्थानीय लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था की है। सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष सह आजसू के प्रभारी राजसिंह चौहान ने बरहीडीह चौक पर अलाव का प्रबंध किया ।इस पहल का उद्देश्य ठंड से प्रभावित लोगों, खासकर दैनिक मजदूरों, राहगीरों और जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना है। श्री चौहान ने कहा कि कड़ाके की ठंड में अलाव लोगों को गर्माहट देकर कुछ हद तक राहत पहुंचा सकता है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि जरूरतमंदों की मदद करें ।स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ठंड के मौसम में इस तरह की व्यवस्था से उन्हें काफी सहूलियत मिली है। उन्होंने सद्भावना विकास मंच और राजसिंह चौहान के प्रयासों को धन्यवाद दिया। यह कदम न केवल सामाजिक जिम्मेदारी को दशार्ता है, बल्कि समाज में मानवता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देता है। राजसिंह चौहान ने आगे कहा कि आने वाले दिनों में और भी जगहों पर इस तरह की व्यवस्था की जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को राहत मिल सके। सद्भावना विकास मंच की यह पहल ठंड से जूझ रहे लोगों के लिए राहत का एक उदाहरण है। अन्य सामाजिक संगठनों और व्यक्तियों को भी इस दिशा में प्रेरणा लेकर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। मौके पर राजकुमार केशरी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### बरही में पारा गिरकर 8-9 डिग्री तक पहुंचा

**बरही।** बरही क्षेत्र में ठंड ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से शीतलहर के कारण क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है और न्यूनतम तापमान 8 से 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। क्षेत्र के लोगों को ठंड के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह और रात के समय सड़कों पर सन्नाटा छाया रहता है और दिन के समय भी धुंध और ठंडी हवाओं का असर बना हुआ है। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। इस शीतलहर का प्रभाव सबसे ज्यादा बुजुर्ग, बच्चे और कामकाजी लोगों पर पड़ रहा है। सुबह के वक्त मजदूरी करने वाले लोगों को विशेष रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से ठंड से बचने के लिए लोगों को गर्म कपड़े पहनने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है। ठंड के कारण सर्दी-जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। बरही के स्वास्थ्य केंद्रों और निजी क्लीनिकों में ऐसे मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। डॉक्टरों ने ठंड से बचने के लिए घरों से कम से कम बाहर निकलने और गर्म पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है। ठंड के इस बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नागरिकों से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें और ठंड से बचने के लिए जरूरी उपाय अपनाएं।

### मुंबई में जल्द बनेगा झारखंड भवन : मनोज यादव

**बरही।** गुजरात जाने के क्रम में मुम्बई एयरपोर्ट में कुछ देर के लिए बरही विधायक मनोज कुमार यादव रुके। विधायक ने कहा कि जल्द ही मुम्बई में झारखंड भवन बनेगा। झारखंड सेल मुंबई अध्यक्ष ठाकुर मनोज सिंह के अगुवाई में साथ में झरी लाल पंडित, दिनेश यादव केवलिया, सीताराम गुप्ता, नूपुर गुप्ता, ताजुद्दीन अंसारी, सरदूल अंसारी, राजेंद्र ठाकुर, नवीन कुमार राणा, विजय यादव, लालेश यादव, राकेश यादव, महेंद्र यादव, राम चंद्र यादव, अनिल यादव, अरविंद आर्य, दिनेश पंडित, धर्मेंद्र पंडित, सरजू साहु, सुरेंद्र साहू, सुरेश साहू, नूपुर गुप्ता, रितेश कुमार, योगेंद्र यादव, मनोज यादव, मुनेश्वर प्रसाद, प्रकाश गुप्ता, केदार प्रसाद, शिव पासवान, तुलसी यादव एवं सैकड़ो झारखंडियों ने विधायक का एअरपोर्ट पर स्वागत किया। इस दौरान लोगों से मिलकर विधायक ने खुशी जाहिर किया। झारखंडियों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं व मुंबई की समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।

### दो युवकों के बीच मारपीट में एक घायल

**दारू।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने पैसों के लेनदेन को लेकर गुरुवार को जमकर मरपीट हुई। इसमे से ।एक युवक का माथा फट गया। मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थानाक्षेत्र के तरवा निवासी सुनील मेहता पिता किशोरी मेहता व सिकन्दर मेहता पिता मालो मेहता के बीच उधारी लेन देन के मामले को लेकर कहासुनी हो गई। दोनो के बीच बात बढ़ गई और जमकर मार पीट हो गया जिससे सुनील मेहता का माथा फट गया। इसकी सूचना दारू पुलिस को दी गई । मौके पर दारू पुलिस पहुंचकर घायल सुनील को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### बड़कागांव के बीइइओ ने पुनः किया योगदान

**बड़कागांव।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद बड़कागांव में पुन: पदस्थापित हुए ।पुर्नस्थापना के पश्चात उन्होंने प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रभार ग्रहण कर योगदान दिया। प्रभार ग्रहण करने पर प्रखंड संसाधन केंद्र के कर्मी एवं शिक्षक संघ ने बुके देकर एंव माला पहनाकर बधाई दी। श्री प्रसाद ने कहा कि प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत के तमाम शिक्षा कर्मी एवं शिक्षक मिलकर कार्य करेंगे और शिक्षा के क्षेत्र में बड़कागांव का नाम रोशन करेंगे। बीपीएम प्रहलाद गुप्ता ने कहा कि सभी के सहयोग से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रधान किया जा सकता है। बधाई देने वालों में शंभू शरण दास,एकीकृत संघर्ष मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम, जेई कालेश्वर महतो,सहायक अध्यापक गंगाधर लोहार,अवध किशोर यादव,राज कुमार , सुनील रजक,बीरेंद्र कुमार,अनुज कुमार गोप,विश्वनाथ कुमार, धर्मेंद्र कुमार,सागर गुप्ता,रंजीत नाग सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हैं।

# कुडू में दिल दहलाने वाली घटना, पुवाल में आग लगने से एक व्यक्ति जिंदा जला


जला हुआ शव

## आग लगने का कारण की नही हुई पुष्टि, पुलिस जांच में जुटी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के जामुनटोली गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में पुआल में जलने से मौत हो गई। घटना बुधवार एक जनवरी देर रात की बताई जा रही है। पुलिस ने पुरी तरह जले शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। गौर तलब है कि गुरुवार की सुबह जामुनटोली में विनय साहू की जनवितरण दुकान के बगल में रखे चारो भगत के पुआल के गांज में एक जला हुआ शव लोगों ने देखा। जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ जुट गई। शव की पहचान कुडू अखराटोली निवासी स्व. विजय उरांव के पुत्र पंचम उरांव (48) के रूप में हुई है।

कयास लगाया जा रहा है कि आग तापने के क्रम में ही हादसा हुआ होगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही हकीकत स्पष्ट हो पाएगी। मृतक के भाई प्रभु उरांव ने बताया कि पंचम पढ़ा लिखा व्यक्ति था। उसने रांची में रहकर इंटर तक कि शिक्षा ग्रहण की थी। इधर स्थानीय लोगों को कहना है कि पंचम ने नशे के चक्कर मे पड़कर अपनी गृहस्ती बर्बाद कर ली थी और नशे की लत के कारण ही वर्षों पहले उसकी पत्नी भी अलग हो गयी थी। जिसके बाद से वह बस स्टैंड को ही रहकर लोगों कि दुकानो में साफ सफाई का काम करता था। हालांकि वह बस स्टैंड से जामुनटोली क्यों और किसके साथ गया था इसकी पुष्टि नही हो पाई है। पुलिस पूरे मामले की जांच व अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

### कुआं में गिरकर एक व्यक्ति गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के कसपोड़या गांव में गुरुवार की दोपहर गांव के ही पंचू उरांव कुआं में गिरकर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि नया साल के उपलक्ष में अत्यधिक नशे में पंचू था। नशे की हालत में कुआं में पानी लाने के लिए गया था। जहां पर पांव फिसल जाने से कुआं में गिर गया। आस पड़ोस के लोगों ने जब पंचू को कुएं में गिरता देखकर चिल्लाना शुरू किया, तो गांव के लोगों ने कुंआ में घुसकर पंचू को निकाला। पंचू बेहोशी की हालत में था। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है। कुएं में गिरने के कारण पंचू को शरीर के कई जगह चोट भी आई है।

**एक नजर में**

## गुमला आरसेटी से प्रशिक्षण लेकर सुमित्रा तिर्की बनीं आत्मनिर्भर


सिलाई का काम करती सुमित्रा तिर्की व उसका पति

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड के टोंगो गांव की निवासी सुमित्रा तिर्की ने अपनी मेहनत और संकल्प से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। सुमित्रा ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी गुमला से 30 दिवसीय आवासीय सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया चैनपुर शाखा से 35,000 का ऋण प्राप्त किया।

इस राशि का उपयोग कर उन्होंने अपने गांव में ही सिलाई का व्यवसाय शुरू किया। उनके इस प्रयास में उनके पति ने भी पूरा सहयोग दिया। आज सुमित्रा अपने व्यवसाय से अच्छी आमदनी कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सशक्त बना रही हैं। सुमित्रा बताती हैं कि आरसेटी गुमला में प्राप्त प्रशिक्षण से न केवल उन्हें तकनीकी दक्षता मिली बल्कि व्यवसाय प्रबंधन और स्वरोजगार के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। आज वह अपने गांव में एक प्रेरणा स्त्रोत बन चुकी हैं। यह कहानी उन सभी युवाओं महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की चाह रखते हैं। गुमला आरसेटी द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं - महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कर रहे हैं।

## कुंआ से घाघरा पुलिस ने एक व्यक्ति का किया शव बरामद


शव के साथ ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के तिलसीरी गांव स्थित कुंआ से घाघरा पुलिस ने बिरसाई उरांव का शव बरामद किया। वही पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिरसाई मंगलवार को दिन के 3 बजे तिलसीरी गांव स्थित पुराने घर से अपना नया घर गया था।वही मंगलवार को ही खान पान और नशा कर वह शाम 6 बजे अपन पुराना घर लौट रहा था। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। वहीं गुरुवार की अहले सुबह कुछ ग्रामीणों ने एक व्यक्ति का कुआं में शव तैरता देखा। इसके बाद इसकी सूचना गांव में दी गई। गांव वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। शव को देख ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो वह नशे की हालत में उक्त कुएं में गिर गया हो जिससे उसकी मौत हो गई हो। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# गुजरता साल 2024 सड़क दुर्घटनाओं से गुमला जिला की सड़के रही लहूलुहान

## सरकारी आंकडों के अनुसार वर्ष 2024 के जनवरी से अक्टूबर माह तक 184 दुर्घटनाओं में 176 की हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुजरता साल 2024 सड़क दुर्घटनाओं को लेकर गुमला जिला की सड़कें रक्त रंजीत रही है और कई परिवारों के एकलौते चिराग भी दुर्घटना का शिकार होकर दुनिया छोड़ गये। सरकारी आंकडों की मानें तो जनवरी से अक्टूबर 2024 तक के अवधि में कुल 184 सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आयें। जिनमें 176 मृत्यु घातक दुर्घटनाओं के कारण हुई। इसके अतिरिक्त 45 प्रमुख एवं 2 मामूली चोट के मामले दर्ज किए गए। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में 14.29% की वृद्धि हुई है। जबकि नवंबर व दिसंबर माह के आंकडों को जोड़ दिया जाए तो वर्ष 2024 में सड़क हादसों में दो सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और प्रतिदिन घटनाएं घट ही रही है। दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में ओवरलोडिंग, ओवरस्पीड, रैश ड्राइविंग, नशे में वाहन चलाना, नाबालिगों द्वारा वाहन चालन एवं यातायात नियमों का पालन न करना शामिल हैं। विशेष रूप से टू-व्हीलर चालकों से जुड़े 119 दुर्घटनाओं के मामले सामने आयें।

> इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में 14.29% की हुई वृद्धि, नवबंर व दिसंबर माह को जोड़ तो आंकडा और बढेगा
>
> परिवहन विभाग ने नियमों के उल्लंघन पर सख्ती दिखाते 459 नागरिकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किये, 3012 नये ड्राइविंग लाइसेंस धारकों को सड़क सुरक्षा पर काउंसलिंग की

जिनका मुख्य कारण तेज गति और यातायात नियमों का उल्लंघन था। परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर सख्ती दिखाते हुए जनवरी से अक्टूबर तक 459 नागरिकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किये। इनमें 11 मामले ओवरलोडिंग, 21 ड्रिंक ऐंड ड्राइव और 404 मामले बिना हेलमेट वाहन चलाने के थे। नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस वर्ष 3012 नये ड्राइविंग लाइसेंस धारकों को सड़क सुरक्षा पर काउंसलिंग दी गई। इसके बावजूद भी सड़क हादसों में कमी नहीं आयी। विशेषकर साल के अंतिम महीने नवंबर व दिसंबर जो छुट्टियां का महीना है। इसमें हादसों के आंकडें में वृद्धि हो जाती है। वाहन दुर्घटना का सबसे प्रमुख कारण देखे तो नशा कर बाईक को तेज गति से चलाना है। अधिकांश दुर्घटनाओं में पाया गया कि वाहन चालक पूरी तरह नशे में धूत था। जिसके कारण सड़क दुर्घटना हुई है। हालांकि प्रशासन सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। दुर्घटना स्थलों की जांच कर वहां सावधानी के बोर्ड व चिह्न भी अंकित किये गये हैं। लेकिन दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। हर जागरूकता अभियान सड़क हादसें के सामने बौने साबित हो रहे हैं। सड़क दुर्घटना को लेकर जब तक स्वयं इंसान जागरूक नहीं होगा इसको रोकपाना आसान नहीं होगा। क्योंकि लोग वाहनों के चलान कटने व लाइसेंस रद्द होने के बाद भी यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने से नहीं चुकते हैं।

## चैनपुर प्रखंड में हाथी का उत्पात, ग्रामीणों में दहशत का माहौल


हाथी के द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया मकान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के सदान बुकमा में हाथियों के उत्पात का सिलसिला जारी है। बुधवार शाम विजय आनंद भगत के घर पर हाथी ने धावा बोल दिया। जिससे उनका घर पूरी तरह ध्वस्त हो गया। हाथी ने न केवल घर की दीवारें तोड़ डालीं, बल्कि घर में रखे चावल और धान को भी चट कर गया।विजय भगत ने बताया कि रात के लगभग 9 बजे जब वह घर के पास थे, तो अचानक हाथी की आवाज सुनकर बाहर निकले। उन्होंने देखा कि हाथी उनके घर को तोड़ते हुए धान और चावल खा रहा है। इस स्थिति को देखकर उन्होंने ग्रामीणों को आवाज दी। जो तुरंत इकट्ठा हुए। ग्रामीणों ने फटाके और टॉर्च जलाकर हाथी को भगाने की कोशिश की। इस प्रयास के बाद हाथी कोनकेल होते हुए झड़गांव की दिशा में भाग गया।ग्रामीणों ने वन विभाग को इस घटना की सूचना दी।

लेकिन वन विभाग की टीम अभी तक गांव नहीं पहुंची है। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है और वे उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार ऐसी घटनाएं हो रही हैं और उन्हें सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। इस स्थिति में वन विभाग को सक्रिय होकर कार्यवाही करनी चाहिए ताकि ग्रामीणों की जान और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ग्रामीणों ने मांग की है कि सरकार इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान दे और उन्हें उचित मुआवजा प्रदान करे ताकि वे इस कठिनाई से उबर सकें।

### सदर अस्पताल परिसर में जल्द शुरू होगा आधार सेवा केंद्र : डीडीसी

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक उप विकास आयुक्त कार्यालय में हुई। बैठक में सभी प्रखण्डों के सर्विस प्लस अंतर्गत आधार इनरॉलमेंट के स्थिति की समीक्षा की गई। जिसमें सदर प्रखण्ड लोहरदगा, सेन्हा और किस्को प्रखण्ड की स्थिति समीक्षा असंतोषजनक पाया गया। इसमें संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों भौतिक निरीक्षण कर लंबित आवेदनों को निष्पादित करने का निदेश दिया गया। सदर अस्पताल परिसर में आधार सेवा केंद्र प्रारंभ कराने के लिए आधार किट उपलब्ध कराने का निदेश डीपीओ, यूआईडी कोषांग लोहरदगा को दिया गया। प्रखण्ड स्तर पर आधार सेवा केंद्र में आधार इनरॉलमेंट की सतत निगरानी का निदेश डीपीओ यूआईडी कोषांग, लोहरदगा को दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी कोषांग देवप्रकाश विक्की, उप डाकपाल मुख्य डाकघर लोहरदगा समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## सोलर जलमीनार के पानी से पैसों के लिए कर रहे है वाहनों की सफाई


जल मीनार के पानी से वाहन धुलाई करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडू, लोहरदगा।** जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र के प्रखंड कार्यालय के समीप लाखों की लागत से बनाए गए सोलर जल मीनार का दुरुप्रयोग जोरों पर है। कई महीनो से सोलर जलमिनर का उपयोग वाहनों को धोकर पैसे कमाने के लिए किया जा रहा है। प्रतिदिन 50 से ज्यादा वाहन यहां धोए जाते हैं। वाहनों की धुलाई कर 150 से 200 रुपए तक लिए जाते है। कई बार सोलर जलमीनार खराब हो चुकी है जिसे विभाग के द्वारा बनाया जाता है पर इसके दुरुपयोग के कारण बार बार इसके खराब होने की शिकायत है। प्रखंड मुख्यालय के समीप होने के बाद भी सरकारी पदाधिकारी मौन धारण किए हुए है। कुडु के बतमटोली में भी सोलर जलमीनार से वाहन सफाई का कार्य होता था जिसके बाद जलमीनार खराब हो गया। एक वर्ष पूर्व उसके सारे सोलर प्लेट भी गायब है। पेयजल की सुविधा के लिए बनाए गए जलमीनार के दुरुपयोग के कारण ज्यादातर जलमीनार खराब पड़े हुए है। जनप्रतिनिधि भी मामले को लेकर मौन है। मामले को लेकर कुडू पंचायत सचिव सुनील कुंवर ने बताया कि इसकी पूरी जांच की जाएगी एव दुरुप्रयोग को रोका जाएगा।

### आज मनेगा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी महासभा के तत्वावधान में आज 03 जनवरी दिन शुक्रवार को 11:00 बजे से लोहरदगा समाहरणालय के सामने यूकेलिप्टस मैदान में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनायी जायेगी। इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### पूर्व प्राचार्य के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय में पूर्व प्राचार्य स्व गोस्सनर कूजूर की अकस्मात मृत्यु पर कॉलेज में शोक सभा आयोजित की गई। इसमें कॉलेज के सारे प्राध्यापक और कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने पूर्व प्राचार्य की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी । इस सभा में कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर डा संतोष शांडिल्य, डा सुमन कुजूर,डा अजीत कुमार गुप्ता, डा सुरेश प्रसाद, डा अजय नाथ शाहदेव, डा बुटन महली, प्रो आनंद मांझी, प्रो रोशन खलखो, प्रो अर्जुन लकड़ा, प्रो अंबीका प्रिया, प्रो सारोन सुरीन, प्रो सत्यनारायण उरांव, मनीष उरांव सहित अन्य शामिल थे।

राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक

## विजेता छात्राओं को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित


छात्रों को सम्मानित करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कूडू।** ओडिशा में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता में शामिल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुडू की छात्रा आकृति कुमारी द्वारा स्वर्ण एव कांस्य और रिया उरांव द्वारा दो रजत प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार द्वारा पदक प्राप्त छात्राओं के साथ उनकी माता आशा लोहरा, नीलम उरांव एव प्रशिक्षक अमित सिंह को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुडू के विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विकास शाहदेव ने बच्चो को जीवन में खेल से जुड़कर अपनी जीवन उज्ज्वल बनाने का आह्वाहन किया। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर लगातार मेहनत करने से सफलता जरूर मिलती है। बच्चे पढ़ाई के साथ खेल से भी जुड़कर शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होकर बेहतर कर सकते है।

कराटे प्रशिक्षक अमित सिंह ने विद्यालय के छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रबंध समिति की सचिव अनुराधा कुमारी, कोषाध्यक्ष विनय कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सिंह, आचार्य धनोज महतो, मानसी कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रतिमा कुमारी, नितेश उरांव, पार्वती देवी आदि मौजूद थे।

## रुकी खेल मैदान में चल रहे स्व बासु उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन


समापन समारोह में शामिल अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के रुकी खेल मैदान में चल रहे फुटबॉल टूनामेंट का समापन हुआ। मुख्य अतिथि कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे, शिक्षक भी प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया।फाइनल मैच फुटबॉल क्लब शिवसेरेंग बनाम एफसी मनातू के बीच खेला गया। जिसमें एक गोल से फुटबॉल क्लब शिवसेरेंग ने जीत हासिल कर प्रथम स्थान पर रहा। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि खेल से शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। खेल को खेल की भावना से खेल हारे हुए टीम को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है।खेल के क्षेत्र में भी लोग अपना भविष्य बना रहे हैं। मौके पर बसंत उरांव, प्रमोद उरांव, बासुदेव उरांव, अंकित उरांव, सुशांत मुंडा सहित कई लोग उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत ग्रो आउट तालाब व लघु फिश फीड मिल का उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण


निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले में मत्स्य पालन के क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने गुरुवार को बसिया एवं पालकोट प्रखंडों में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत निर्मित ग्रो आउट तालाब और लघु फिश फीड मिल (02 टन प्रतिदिन क्षमता वाले) का स्थल निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ग्राम टोटो प्रखंड गुमला में महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों के साथ प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में क्रियान्वित लघु फिश फीड मिल और ग्रो आउट तालाब निर्माण योजना का अवलोकन किया। इस अवसर पर लाभार्थियों द्वारा योजना की प्रगति और इसके अंतर्गत प्राप्त लाभों की जानकारी प्रस्तुत की गई। बसिया प्रखंड के कुम्हारी ग्राम में वर्ष 2022-23 के दौरान निर्मित लघु फिश फीड मिल, जिसे श्रीमती ज्योति लकड़ा द्वारा संचालित किया जा रहा है उसका निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2023-24 में बसिया प्रखंड की सरना महिला मंडल समूह की श्रीमती दुलारी और पालकोट प्रखंड के खिजूर महिला मंडल समूह की श्रीमती सुशेना लकड़ा द्वारा संचालित लघु फिश फीड मिल का भी अवलोकन किया गया। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है। लघु फिश फीड मिल योजना की कुल प्राक्कलित राशि 30 लाख है। जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, और महिला वर्ग के लाभार्थियों को 60 प्रतिशत (?18 लाख) अनुदान और अन्य वर्गों के लिए 40 प्रतिशत (?12 लाख) अनुदान प्रदान किया गया। इसी प्रकार ग्रो आउट तालाब योजना की कुल प्राक्कलित राशि 7 लाख है। जिसमें उक्त वर्गों को 60 प्रतिशत (4.20 लाख) अनुदान और अन्य वर्गों को 40 प्रतिशत (2.80 लाख) अनुदान दिया गया। निरीक्षण के दौरान लाभार्थियों द्वारा बताया गया कि इन तालाबों में मत्स्य पालन के साथ-साथ बत्तख पालन भी किया जा रहा है। जिससे अतिरिक्त आय अर्जित हो रही है। उपायुक्त ने योजनाओं के प्रभाव और क्रियान्वयन की प्रशंसा करते हुए संबंधित विभागों को निरंतर निगरानी और समर्थन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में जिला मत्स्य पदाधिकारी श्रीमती कुसुम लता, बसिया एवं पालकोट प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीपीएम (जेएसएलपीएस), एवं महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य उपस्थित थे।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के गुमला जिला संयोजक बनाए गए हंदू भगत

**गुमला।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के गुमला जिला कमेटी के संगठनात्मक मजबूती को लेकर पार्टी हाईकमान के निर्देश पर गुमला जिला अध्यक्ष रघुनंदन उरांव ने पूर्व जिला परिषद सदस्य हंदू भगत को गुमला जिला का संयोजक औबनाया है और पार्टी संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की निर्देश दी है। उन्होंने कहा कि दो-तीन प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन भी हो चुका है।

# भू-रैयतों की समस्या निष्पादन में गम्भीरता व तत्परता दिखाये अंचल: जिप अध्यक्ष पूनम देवी

## जिप अध्यक्ष पूनम देवी व जिप सदस्य सरोज देवी ने जमीन सम्बंधि समस्याओं को लेकर सीओ से की मुलाकात, दिया आवश्यक दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता





**चंदवा।** जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी व चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने गुरुवार को चंदवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ चंदन प्रसाद व सीओ जय शंकर पाठक से संचालित विकास योजनाओं की जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

निरीक्षण के दौरान गरीब-असहायों व वृद्धजनों को कड़ाके की ठंड से राहत दिलाये जाने को उपलब्ध कराई गई कम्बल की गुणवत्ता व मापदंडों की जांच की। वितरण को लेकर आये कम्बल का सेंपल भी लिया साथ ही कम्बल घुलवा कर भी सेंपल कराया। कम्बल सूखने के पश्चात वजन-मानक व मापदंड की जांच करने की भी बात।

जिप सदस्य पूनम देवी व जिप सदस्य सरोज देवी ने कहा कि शिकायत मिली थी कि गरीबों को मिलने वाले कंबल की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं है, इसी आलोक में जांच की गयी है। मानक में अगर किसी प्रकार की कमी पाई जाती है, तो इसकी शिकायत जिले के उपायुक्त से की जाएगी। औचक निरीक्षण के क्रम में भू-रैयतों की जमीन संबंधी समस्याओं को लेकर अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक से भी मुलाकात की।

इस दौरान जिप अध्यक्ष पूनम देवी ने अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक से अंचल कार्यालय में चल रहे जमीन संबंधी समस्याओं की जानकारी ली व स्पष्ट शब्दों में भू-रैयतों की समस्या निष्पादन में गम्भीरता व तत्परता दिखाने की बात कही।

इस दौरान उन्होंने कुडू से उदयपुरा तक फोरलेन सड़क निर्माण से प्रभावित हो रहे रैयतों की समस्याओं को लेकर भी जवाब तलब किया, रैयतों को परेशान न करने की बात कही, साथ ही मुआवजा राशि वृद्धि को लेकर क्या प्रकिया है, इसकी जानकारी भी मांगी। जिस पर सीओ श्री पाठक ने बताया कि जिन रैयतों को मुआवजा राशि को लेकर आपत्ति है वे अलग-अलग आवेदन उपायुक्त के नाम दे सकते हैं, आवेदन आने के बाद विभाग की ओर से अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। इस पर जिप अध्यक्ष ने पूछा कि अब तक मुआवजा राशि वृद्धि को लेकर कितने आवेदन आए हैं और इसकी जानकारी क्या रैयतों को दी गई है। जिस पर सीओ ने बताया कि इसकी जानकारी समिति को दिए जाने की बात बताई गयी।

जिप पर जिप अध्यक्ष ने कहा कि एनएच फोरलेन सड़क निर्माण से 16 गांव के 450 से अधिक रैयत प्रभावित हो रहे हैं, जो काफी बड़ी संख्या है। अंचलाधिकारी से प्रभावित क्षेत्र के ग्राम स्तर पर शिविर लगाकर आवेदन लें व समस्याओं का निष्पादन करें। इस दौरान उन्होंने एनएच किनारे किए जा रहे हैं अंधाधुन पेड़ों की कटाई पर भी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के क्रम में अंचल में लंबित पड़े म्यूटेशन के मामले की जानकारी ली व जाति, आवासीय व आय के आवेदनों के शीघ्र निष्पादन करने की भी बात कही।

एक नजर में

### बीडीओ व उप-प्रमुख ने वृद्ध और असहाय महिला-पुरुषों के बीच कम्बल का वितरण

**हेरहंज।** प्रखण्ड क्षेत्र के हूर गांव के आदिम जनजाति परहिया टोला में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार और उप-प्रमुख विजय उरांव ने वृद्ध और असहाय महिला-पुरुषों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है। उप-प्रमुख विजय उरांव ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में एकता और सहयोग की भावना बढ़ती है।इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कम्बल वितरण कार्यक्रम से लाभान्वित हुए वृद्ध और असहाय महिला-पुरुषों ने भी इस सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में, सभी ने मिलकर समाज में सहयोग और एकता की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस तरह के कार्यक्रमों से न केवल जरूरतमंदों को मदद मिलती है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है।

### हेरहंज पुलिस ने नंदू शर्मा के घर चिपकाये इश्तिहार

**हेरहंज।** थाना पुलिस ने नंदू शर्मा उर्फ नंदू जी के खिलाफ न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तिहार को घर में चिपकाया। 02 जनवरी 2025 को हेरहंज थाना कांड संख्या 24/24, दिनांक -27/07/24, धारा -191 (2)/191(3)/190/285/308(2)/308(3)/308(4)/326(एफ) /111(2)बी/111(4) बीएनएस. 25(1-बी)(ए)/26/25(6) आर्म्स एक्ट,17 सीएलए एक्ट के अभियुक्त नंदू जी उर्फ नंदू शर्मा, पिता- बिगु शर्मा, ग्राम जान्हो,थाना मनिका, जिला लातेहार के विरुद्ध माननीय न्यायालय लातेहार से निर्गत इस्तेहार अधिपत्र को स0अ0नि0 सुबोध कुमार सिंह, स0अ0नि0 मिथिलेश पासवान, साथ सशस्त्र बल के जवान विधिवत अभियुक्त के घर पर जाकर इश्तेहार तामिल किया गया।

### जिप अध्यक्ष पूनम देवी ने कामता-सेरक पथ का किया निरीक्षण

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के कामता से सेरक तक पथ के विषेश मरम्मती कार्य का जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने निरीक्षण किया। इनके साथ जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, पंसस अयुब खान, मुखिया नरेश भगत भी थे। अध्यक्ष को ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य मे अनियमित्ता बरती जा रही है। झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत यह कार्य कराया जा रहा है, साढ़े बारह किलोमीटर मरम्मती का काम किया जाना है, 27 जनवरी 2024 को इसका शिलान्यास किया गया था।आगे बताया कि ग्रामीण सुदूरवर्ती इलाकों से गुजर रहे पथ मरम्मती कार्य में उपयोग किए जाने वाले गिट्टी, मशाला व अन्य सामग्री का मात्रा काफी कम कर दी गई है, सड़क में पानी की छिड़काव मे भी कमी कर दिया गया है, इसके कारण पथ में गिटटी उपर आ गया है, ऐसे में सड़क काफी कमजोर होगी। इस कार्य से संबंधित जेई कहीं दिखाई नहीं देते हैं इसके कारण कार्य जैसे तैसे कराया जा रहा है।ग्रामीणों ने पथ की मरम्मती कार्य में सुधार करवाने की अनुरोध अध्यक्ष से किया है।

### डीलर पर राशन वितरण में अनियमित का आरोप, कार्डधारकों ने एमओ से लगाई गुहार

**चंदवा।** बनहरदी पंचायत के डड़ैया ग्राम के ग्रामीणों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन सौप पीडीएस दुकानदार राजमणि देवी के खिलाफ राशन वितरण में अनियमितता का आरोप लगाया है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है दिसंबर माह में डीलर के द्वारा राशन नही दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने अधिकारी के समक्ष शिकायत करते हुए बताया कि पूर्व में भी इनके द्वारा अनियमितता बरती गई थी, जिसके आलोक में इन्हें निलंबित किया गया था। बीते नवम्बर माह में पुनः इन्हें बहाल किया गया है। परंतु इनके द्वारा पुनः अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने अधिकारी से इनके दुकान की जांच कर कार्रवाई करते हुए डीलर परिवर्तन करने की मांग की है। मामले पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चन्दन कुमार ने बताया ग्रामीणों की शिकायत पर डीलर के दुकान की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आवेदन सौंपने वालो में अस्मिता देवी, सरिता देवी, राजकुमारी देवी, कुंती देवी, शांति देवी, सुनीता देवी, शीला देवी, पूनम देवी, नारायण सिंह, राजेंद्र सिंह, राम नंदन उरांव समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल है।

### आग से झूलस कर महिला की मौत

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत बालूभाँग पंचायत के डाकादिरी निवासी विफी मसोमात (51) वर्षिय पति स्व शंकर गंझु की पत्नी की आग मे झूलसने से मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक महिला ने ठंड के कारण आग ताप रही है। देखते ही देखते कपड़े मे आग लग गई। जिससे पूरा शरीर झूलस गया। पुत्र सुनील गंझु और संतु गंझु हॉस्पिटल ले जाने की तैयारी कर रहे थे की घर मे ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत मुखिया केदार गंझु पंसस राजेश मोची वार्ड सदस्य मनोज राम, हरदेव यादव परिजनों से मुलाकात किया साथ ही ढाढ़स बंधाया।

### बेसरा गांव मे एक एकड़ मे लगे गांजा की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**बारियातू।** पुलिस ने गुरुवार को शिबला पंचायत के बेसरा गांव मे अभियान चलाकर 1 एकड़ भूमि पर फैली अवैध गांजा की खेती को नष्ट किया। बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद ने रवानी के गुप्त सूचना के आधार पर एक विशेष छापामारी दल का गठन कर बेसरा गांव मे अवैध गांजा की खेती को पुलिस द्वारा डंडा से पीटकर नष्ट किया गया आगे थाना प्रभारी ने बताया की मादक पदार्थो, जैसे गांजा या पोस्ता की खेती करना कानून अपराध है। अगर कोई इस तरह की गतिविधियों में शामिल पाया गया व सहयोग करता पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। छपामारी दल मे थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### परिवहन विभाग व पुलिस के साथ संयुक्त वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**बारियातू।** थाना गेट के सामने परिवहन विभाग और बारियातू थाना द्वारा संयुक्त वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें हेलमेट जाँच, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लॉड जांच सहित भिन्न भिन्न प्रकार के वाहनों की चेकिंग की गई . उपरोक्त कागजात नहीं पाए जाने पर चालान काटा गया. जिसमे चालान के माध्यम से कुल एक लाख बारह हजार रुपया फाइन किया गया है। वाहन दुर्घटना को रोक थाम के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लोगों से सभी तरह के यातायात नियमों को पालन करने की अपील की है।

### आवास नहीं मिलने पर पत्नी संग दिया धरना

**भवनाथपुर।** दो वर्षो से आवास के लिए परेशान ऋषि साह अपनी पत्नी के साथ गुरुवार को प्रखण्ड कार्यकाल के गेट के पास रना पर बैठ गए। प्रखंड कार्यालय पहुंचे श्री बंशीधर नगर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने ऋषि और उसकी पत्नी से बात कर जल्दी आवास देने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया। ज्ञात हो कि ऋषि साह भवनाथपुर प्रखण्ड क्षेत्र के अरसली उतरी का निवासी है। ऋषि का कहना है कि पिछले दो साल से प्रखण्ड कार्यालय का आवास के लिए चक्कर लगा कर थक गया। कई बार मुखिया और बीडीओ को आवेदन दिया। बावजूद आज तक आवास नही मिला। जब भी बीडीओ को आवेदन देते हैं तो बीडीओ द्वारा बोला गया कि एचएम जांच करने आएंगे।

### गोविंद ने सीपी मेमोरियल व आरके पब्लिक ने ज्ञान निकेतन रेहला को हराया

**गढ़वा।** गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 17वें दिन गोविंद हाई स्कूल ने सीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल सहिजना को 93 रनों, आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा ने ज्ञान निकेतन स्कूल रेहला को 19 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पहले मैच में गोविंद हाई स्कूल के मैदान में सीपी मेमोरियल ने टस जीतकर गोविंद हाई स्कूल को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। गोविंद के गोलू के 49 रन के सहयोग से टीम का स्कोर 140 रन पहुंचा। सीपी मेमोरियल की ओर से रवि ओर प्रिंस ने एक एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी सीपी मेमोरियल की टीम 47 रनों पर ही सिमट गई। गोविंद हाई स्कूल की ओर से गोलू ने दो और प्रिंस ने एक विकेट लिया। दूसरे मैच में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा ने टस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हसरत और सनी के 16-16 रन के सहयोग से 91 रन ही बना पाई। ज्ञान निकेतन रेहला की ओर से अबीब और उज्जवल ने एक एक विकेट लिया। 92 रनों के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी ज्ञान निकेतन रेहला की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट होकर 72 रन ही बना पाई। आरके पब्लिक की ओर से आकाश ने तीन और अतुल ने दो विकेट लिया।

### मईयां सम्मान समारोह छह को महिलाओं के खाते में ट्रांसफर होंगे ढाई हजार



जानकारी देते अफजल अंसारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** आगामी छह जनवरी को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य की महिलाओं के खाते में ढाई हजार रुपए की राशि ट्रांसफर हो जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने बताया कि मंईयां सम्मान योजना को लेकर नामकुम के खोजा टोली मैदान में सामरोह का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दोपहर एक बजे समारोह की शुरूआत करेंगे। इसी दिन राज्य की करीब 56 लाख महिलाओं के खाते में दिसंबर माह से बढ़ी हुई 2500 रुपए की राशि ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी जाएगी। इस समारोह में राज्य भर से करीब तीन लाख महिलाओं के जुटने की उम्मीद है। जिसमें बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र से भी सैकड़ो की संख्या में महिला बहने कार्यक्रम में शिरकत करने को लेकर रांची पहुंचेगी। अफजल अंसारी ने बताया कि पहले यह समारोह 28 दिसंबर को होने वाला था। लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद राज्य में सात दिन के राजकीय शोक के कारण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था। हालांकि 26-27 दिसंबर को टेस्ट के तौर पर हर जिले की 100-200 महिलाओं के खाते में पैसे ट्रांसफर किए गए थे। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव की घोषणा से एक दिन पहले कैबिनेट ने दिसंबर से मंईयां सम्मान योजना की राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए करने का फैसला किया था। सोरेन सरकार की पहली कैबिनेट ने ही राशि बढ़ाने पर मुहर लगा दी थी।

### मुखिया ने किया 150 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय के सदर पंचायत सचिवालय में मुखिया दुलारी देवी ने गुरूवार को 150 गरीब, असहाय व जरूरतमंद के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि इस कड़ाके के ठंड में कई ऐसे लोग हैं जिनके पास ठंड से बचने के लिए पर्याप्त साान नहीं है। ऐसे लोगों के बीच इस कंबल के वितरण से उन्हें ठंड से राहत मिलेगी।

### खरसावां गोलीकांड व भीमकोरेगांव के शहीदों को किया गया श्रद्धा सुमन अर्पित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड के नचना स्थित सरना भवन परिसर मे बुधवार एक जनवरी को सुरेश गंझु की अध्यक्षता मे खरसावांवा गोली कांड व भीमा कोरेगांव की घटना को याद करते हुए शहीद हुए लोगों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जहाँ झारखंड के खरसावां मे आजाद भारत के बाद 1 जनवरी 1948 मे हुए गोली गोली कांड मे शहीदों व 1818 मे भीमा कोरेगांव मे हक के लिए लड़ाई मे शहीदों को याद करते हुए समाज सेवी राजू रामवृक्ष लोहरा, सुरेश गंझु, प्रवीण लोहरा, दीपक लोहरा, अनुज उरांव, रामचंद्र उरांव, संजय राम, अरुण कुमार, अजय कुमार राम, सत्येंद्र अगरिया, विशुनदेव उरांव, फूलदेव लोहरा, बिजुली भुइयाँ, मधुमिता लोहरा, नमिता लोहरा, रागनी कुमारी सहित अन्य कई लोगों ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर व पुष्प अर्पित कर उनके कुबार्नी को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

उसके पश्चात उपस्थित लोगों को बैच पहना कर सम्मानित किया गया। वहीं सत्येंद्र अगरिया ने खरसावां गोली कांड के बारे मे व भीमा कोरेगांव की लड़ाई के सम्बन्ध कई अहम जानकारी दिया। समाज सेवी राजू रामवृक्ष लोहरा ने कहा की 1948 मे झारखंड आंदोलनकारियों के नेतृत्व शांति पूर्ण तरीके से सभा चल रहा था. झारखण्ड के कुछ जिलों को ओड़िसा मे विलय करने की बात पर लोगों ने विरोध किया था। जन सभा मे सम्बंधित क्षेत्र के राजा नहीं पहुंचे साथ ही नेता जयपाल सिंह मुंडा कुछ कारणों से सभा मे नहीं पहुंच पाए।

उस जन सभा मे अंधाधुंध फायरिंग कर हजारों लोगों को हत्या कर दिया गया । कुछ शव को ट्रक मे भर-भर कर नदी तलाद व कुआँ मे दफनाया गया। उन्ही शहीदों की याद मे कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। भीमा कोरेगांव की लड़ाई, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और पेशवा बाजीराव द्वितीय के नेतृत्व में मराठा साम्राज्य के बीच 1 जनवरी, 1818 को लड़ी गई थी। जिसको लेकर भी सौर्य दिवस के रूप मे मनाया गया। मंच संचालन कर रहे अरुण कुमार ने कहा की खरसावां गोलिकांड और भीमा कोरेगांव मे हक हुकूक के लिए क्रांतिकरियों ने लड़ाई लड़ा था लेकिन दोहरी नीति के कारण आज तक इस घटना को किसी इतिहास के पन्ने मे अंकित नहीं किया गया है। भीमा कोरेगांव की लड़ाई, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और पेशवा बाजीराव द्वितीय के नेतृत्व में मराठा साम्राज्य के बीच 1 जनवरी, 1818 को लड़ी गई थी। जिसमे इस लड़ाई में अछूत माने जाने वाली महार जाति के करीब 500 सैनिकों ने अंग्रेजों के साथ मिलकर पेशवा बाजीराव द्वितीय की 28,000 सैनिकों की सेना को हराया था।

वहीं सिद्धनाक के बहादुरी के बारे मे बताया की उनका ऊचाई 11 फिट था और वजन 285 किलो सात किलो का तलवार जिन्होंने अकेले ही लगभग 8000 लोगों को पराजित कर दिया था। मौके पर काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

### झूंड से बिछड़े हाथी ने पांच बकरी को कुचला,दो बैलों को किया घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** फुलसू पंचायत के मतकोमा ग्राम में बीते बुधवार रात एक बिछड़ा हुआ हाथी ने भारी उत्पात मचा कर तीन घरों मे काफी नुकसान पहुँचाया है। ग्रामीण चरकु गंझू, भोला गंझू,व लुदेश्वर गंझू के पशुओं एवं घर को क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे लगभग एक लाख पच्चास हजार का नुक्सान हुआ है। पीड़ित किसान चरकु गंझू ने बताया कि बिते रात लगभग दो बजे झुंड से बिछड़ा हुआ अकेला हाथी गांव मे आ धमका और मेरे मचान पर बंधा एक खेतिहर बैल को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके अलावा हाथी ने मेरे घर को ध्वस्त कर घर मे रखे दो क्विंटल मक्का, तीन क्विंटल धान और अन्य घरेलू खाद्य पदार्थो को खाकर और तीतर बितर कर बर्बाद कर दिया। दिवार ध्वस्त होने से घर मे बंधा तीन बकरी एंव दो बकरा दबाकर मर गये। इस घटना में लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है।वहीं हाथी ने भोला गंझू के एक खेतिहर बैल को भी दांत से गोद-गोद कर घायल कर दिया जिससे भोला गंझू को लगभग 30 हजार का नुक्सान हुआ है। इसके पश्चात फुलसू के पूर्व पंसस लुदेश्वर गंझू के घर को क्षतिग्रस्त कर रखे दो क्विंटल धान और अन्य घरेलू सामानों को भी नुकसान पहुंचाया है।जिससे लुदेश्वर गंझू को लगभग बीस हजार का नुक्सान हुआ है। ग्रामीण मनोज गंझू, दीपक गंझू, आशीष गंझू, झूबर गंझू, परमेश्वर गंझू, चमरू गंझू, समलाल गंझू सहित अन्य लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद हाथी को गांव से भगाया। घटना की जानकारी पीड़ितों ने फॉरेस्ट अधिकारी मंगल सिंह एव पशु चिकित्सक डाक्टर सुशीला बागे को गुरुवार को सुबह दिया। फोरेस्टर सिंह ने ग्रामीणों से अपील की है कि धान उसनने के दौरान लाल मिर्च जलाएं या खैनी के पत्ते घरों में रखें, क्योंकि इनकी गंध से हाथी दूर रहते हैं।

### अभिभावक ध्यान दें तो बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा एवं अनुशासन : निदेशक

जीएन कन्वेंट में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी

खबर मन्त्र संवाददाता



फोटो 3-बैठक करते निदेशक

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कन्वेंट स्कूल में बच्चों के शैक्षणिक विकास एवं बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। उप प्राचार्य ने स्वागत भाषण दिया वहीं शिक्षक संतोष प्रसाद ने बैठक पर प्रकाश डाला। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे निरंतर बदलावों को मद्देनजर रखते हुए समय-समय पर विद्यालय प्रबंधन अपने कार्यशैली में सकारात्मक परिवर्तन करते आ रहा है, जिसमें अभिभावकों की भी अहम भूमिका है। विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास के लिए अभिभावकों का समालोचनात्मक सुझाव भी आवश्यक है।

शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शैक्षिक गतिविधि से अवगत कराना है। जैसा की जानकारी हो कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं में अब अच्छे अंक प्राप्त नहीं होने पर बच्चों को उसी कक्षा में रोक लगाई जाएगी। बैठक में अभिभावकों से बच्चों को विद्यालय में नियमित रूप से भेजने के साथ-साथ उन्हें साफ-सफाई एवं अनुशासित माहौल में रहने के लिए अवगत कराया गया। साथ ही अगले सत्र में कई नए कदम उठाने का निर्णय लिया गया। जिसके अंतर्गत को प्रत्येक वर्ग को स्मार्ट क्लास के रूप में सुसज्जित कराने, संगीत एवं चित्र-कला को बढ़ावा देने तथा बच्चों को बोलचाल की भाषा में अंग्रेजी के प्रयोग पर बल देना प्रमुख है। गोष्ठी में आने वाले अभिभावकों को उनके बच्चों की गतिविधि के बारे में बताया गया एवं पूर्व में शिक्षण कार्य में उनकी क्या स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। कई ऐसे छात्र जो नियमित रूप से होम वर्क बनाकर नहीं लाते हैं, उनके अभिभावकों को कहा कि इसे पूरा ध्यान देने की जरूरत है। विद्यालय से घर पहुंचने पर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने, डायरी चेक करने एवं विद्यालय से मिले गृहकार्य की स्थिति जानने के लिए जागरूक किया गया। वहीं समय-समय पर विद्यालय से सम्पर्क स्थापित करने का भी अनुरोध किया गया। मौके पर शिक्षक वीरेंद्र साह, विकास कुमार, नीलम कुमारी, शिवानी कुमारी, पूजा प्रकाश, सुनीता कुमारी खुर्शीद आलम सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

### दिल्ली में एमबीए कर रहे छात्र ने सतबहिनी झरना तीर्थ में किया श्रमदान

**कांडी।** दिल्ली प्रबंधन संस्थान में प्रबंधन की मास्टर डिग्री के एक छात्र ने सतबहिनी झरना तीर्थ में जारी निर्माण कार्य के दौरान दो घंटे तक श्रमदान किया। इस दौरान छात्र ने स्वेच्छा से सिमेंट कंक्रीट का मसाला माथे पर ढोकर राज मिस्त्री को दिया। कांडी प्रखंड क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी पत्रकार रामरंजन के पुत्र श्वेताभ रंजन की समाज सेवा में शुरू से ही गहरी अभिरूचि है। श्वेताभ ने रांची स्थित सेंट जेवियर्स कलेज से इंटर से ग्रेजुएशन तक के कालखंड में झोंपड़पट्टी में रहने वाले बेहद गरीब मजदूर के स्कूल से दूर रहनेवाले बच्चों को लगातार पढ़ाने का काम किया है। इस दौरान उन्हें प्राइमरी व मीडिल स्तर की शिक्षा प्रदान कर अगली कक्षा के योग्य बनाया। ताकि वे हाई स्कूल की पढ़ाई कर सकें। वर्तमान में सभी बच्चे पढ़ रहे हैं। इतना ही नहीं श्वेताभ रंजन ने शौकिया फोटोग्राफी करते हुए नेशनल व स्टेट लेबल का पुरस्कार जीता है। सतबहिनी झरना तीर्थ में स्वतः उसे तगाड़ी ढोते देखकर मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के सचिव पं. मुरलीार मिश्र, सतबहिनी के संत हरिदास जी महाराज, ध्रुवकुमार पांडेय, देवीदयाल राम, मुखिया पांडेय, शंभूनाथ सिंह आदि ने कहा कि श्वेताभ सफलता की सबसे ऊंची सीढ़ी तक पहुंचेंगे। यह लर्निंग बाई डूइंग की बदौलत सफलता प्राप्त करनेवाले छात्र का कमाल है।

